राजनीति - सिद्धान्त का स्वरूप और महत्व
(Nature and significance of Political theory)

राजनीति के अध्ययन की परंपरा
(Tradition of studying Politics)

राजनीति के अध्ययन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। राजनीति विज्ञान अपेक्षाकृत नया है। राजनीति के परंपरागत अध्ययन में जिन समस्याओं (Problems) पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।
फिर परंपरागत अध्ययन मे जिन पद्धतियों (Methods) का प्रयोग किया जाता था।

राजनीति - सिद्धान्त का विचारक्षेत्र
(Scope of political theory)

राजनीति - सिद्धांत के अंतर्गत राजनीति के भिन्न - भिन्न पक्षों का अध्ययन किया जाता है। राजनीति का संबंध मनुष्यों के सार्वजनिक जीवन से है।

समाज की सारी संस्थाओं में केवल राजनीतिक प्रबंध एक ऐसा विषय है जिसका सरोकार संपूर्ण समुदाय से है।

राजनीतिक प्रबंध के अंतर्गत समाज के सारे सदस्यों के ऊपर सत्ता का प्रयोग किया जाता है। सबके लिए नियम बनाए जाते है
परंतु मनुष्य एकमात्र ऐसा प्राणी है। जो अपने जीवन और अपने परिवेश को उन्नत करने के तरीके निकालता रहता है
आलोचना और पुनर्निर्माण की योजना को अभिव्यक्ति प्रदान करता है।
ये सारी अभिव्यक्तियां राजनीति सिद्धांत की परंपरा का निर्माण करती है